का मत है कि हिंसा आधे मिनट के लिए भी बहुत बीभत्स हो सकती है । उसका विपरीत परिणाम मन पर हो सकता है और दस मिनट भी अगर मुक्केबाजी चलती रहती है तो उसका कोई विपरीत परिणाम नहीं हो सकता है । इसलिए उसको क्वांटिफाई करना उचित नहीं है । तो क्वांटिफिकेशन छोड़ कर यह कहा गया है कि बीभत्स दृश्य या ऐसे दृश्य जिन से वायलेंस का ग्लोरिफिकेशन होता है, ऐसे दृश्यों को अनुमति नहीं होनी चाहिए ।

जहां तक दूसरे भाग का संबंध है मैं इस मत का हूं कि विदेशी समाज और भारतीय समाज के मूल्यों में जो फर्क है उसके कारण सेंश्योरशिप के स्टैंडर्ड मे कुछ फर्क हो सकता है लेकिन इसके बीच की खाई बहुत बड़ी नहीं हो सकती ।

SHRI JYOTIRMOY BOSU: Is the hon. Minister aware of the fact that those pictures which do not over-exhibit obscenity and violence are being very hard hit by the imposition of new levy in the last budget? If so, how does the hon. Minister propose to save such film makers, particularly the regional film makers who are trying tc do something good for the country?

SHRI L. K. ADVANI: Several representations have been made by the film industry in respect of this.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: We know that it is a very important matter and let the hon. Minister say something about this and what he thinks about this?

MR. SPEAKER: Question Hour is for seeking information, not for seeking his opinion.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: I am asking for information only.

MR. SPEAKER: You are asking for his op'nion.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: Will the hon. Minister kindly inform the House as to what action he proposes to take to save such film makers who are doing a good job for the country?

SHRI L. K. ADVANI: As I have already said, on the issue of levy, several representations have been received and the Finance Ministry is considering them.

**Keeping Amritsar Doordarshan Kanadra at Delhi**

*346. SHRI NAWAB SINGH CHAUHAN: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) the circumstances and justification for keeping Amritsar Doordarshan Kendra at Delhi for such a long time;

(b) whether the retention of this centre is affecting the quality of Punjabi programmes produced with local talent and amounts to neglect of talent in the region for which it was established; and

(c) how long Government propose to keep this centre in Delhi?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) शुरू में अमृतसर प्रेषण केन्द्र को दिल्ली दूरदर्शन केन्द्र के विस्तार के रूप में स्थापित करने का विचार किया गया था । इसलिए अमृतसर में केवल रिले सुविधाएं ही उपलब्ध की गई थी । कुछ पुर्नविचार करने के बाद, यह निर्णय लिया गया है कि स्थानीय संस्कृति को प्रतिबिम्बित करने वाले कार्यक्रम उपलब्ध किये जायें । चूंकि, अमृतसर में कार्यक्रम तैयार करने की सुविधाएं उपलब्ध करने की कोई योजना नहीं बनाई गई थी अतः इन कार्यक्रमों को दिल्ली दूरदर्शन स्टूडियो से उपलब्ध किया जा रहा है ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) जालन्धर दूरदर्शन केन्द्र के 1978 के मध्य तक चालू हो जाने की उम्मीद है। इसके चालू हो जाने पर अमृतसर केन्द्र की गतिविधियां जालन्धर में परिवर्तित कर दी जायेंगी।

श्री नवाब सिंह चौहान : दूरदर्शन का लक्ष्य होता है मनोरंजन के अलावा जन-प्रशिक्षण के साथ साथ लोक संस्कृति का प्रदर्शन और स्थानीय प्रतिभा का समुचित उपयोग। मौजूदा पालिसी से यह नहीं होता। आज आप ने सब चीजों को केन्द्रित कर रखा है। यहां से कार्यक्रम बना कर वहां भेजा जाता है। इसलिए आप की इस पालिसी से यह लक्ष्य प्राप्त नहीं होता। क्या आप इस में कुछ परिवर्तन करेंगे और जिस जगह कोई केन्द्र खोलेंगे उसी जगह स्टूडियो बनायेंगे ?

श्री लाल कृष्ण अडवानी : मैं ने जैसा प्रारम्भ में ही कहा था कि कल्पना केवल रिले स्टेशन की थी और जहां पर रिले स्टेशन की कल्पना होती है, वहां स्वाभाविक है कि मुख्य स्टेशन के जो प्रोग्राम होंगे, उनको रिले किया जायेगा। लेकिन बावजूद इस के, अमृतसर दूरदर्शन केन्द्र से जो प्रोग्राम प्रसारित किये जाते हैं उन में पंजाब की आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर अनेक कार्यक्रम होते हैं, जिन के कारण वहां पर लोक-रंजन के साथ साथ लोक-शिक्षण भी होता है। मैं अनेक उदाहरण दे सकता हूं—जैसे एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, लुधियाना तथा नेशनल इंस्टीट्यूट आफ स्पोर्टस, पटयाला से सम्बन्धित अनेक कार्यक्रम होते हैं, जिन का सम्बन्ध पंजाब से है।

श्री नवाब सिंह चौहान : माननीय मंत्री जी ने कहा कि इस को बदल कर जालंधर कर दिया जायेगा। और भी बहुत सी जगह केन्द्र खोले गये हैं—क्या उन को भी बन्द करके दूसरी जगह भेज दिया जायगा ?

श्री लाल कृष्ण अडवानी : अमृतसर को बन्द नहीं किया जायगा, लेकिन जब जालंधर का मुख्य स्टूडियो बन जायेगा, जिस की सम्भावना 1978 के मध्य तक है, तब अमृतसर वहां के कार्यक्रम रिले करेगा जिस में पंजाबी पुट और भी अधिक होगा।

**Report on Working of Solid State Physics Laboratory, Delhi**

*347. DR. MURLI MANOHAR JOSHI: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether his Ministry has received the Management Information Report, 1976, on the working of the Solid State Physics Laboratory, Delhi;

(b) if so, action taken thereon;

(c) whether an enquiry on he working of the Laboratory mentioned above had been ordered in 1976; and

(d) if so, the findings thereof?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI JAGJIVAN RAM): (a) A copy of the report entitled "Management Information Report 1976" was prepared and sent by a scientist of Solid State Physics Laboratory (SPL) on his own to the Director of the Laboratory with a copy to Defence Research and Development Organisation HQ.

(b) The report has been examined in the Defence Research and Development Organisation HQ. The matters dealt with in the Report pertain to the progress of various projects of SPL and local administrative matters connected with the same. As a high level Electronics Development Panel is in existence to monitor and review these projects periodically, no further action on the individual's report was considered necessary at he Ministry level. The report will be brought to the notice of the Panel. The Lab has been asked to look into various points in deail.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise, Sir.